**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.1487**
**मंगलवार, 9 दिसंबर, 2025/18 अग्रहायण, 1947 (शक) को उत्तरार्थ**

## सहकारी समितियां

**1487.श्रीमती रुचि वीराः**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को विशेषकर उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में विशेष रूप से कृषि ऋण, दुग्ध उत्पादन और ग्रामीण आजीविका के क्षेत्र में सहकारी समितियों की स्थिति और कार्यप्रणाली, उनके प्रबंधन और वित्तीय स्थिति तथा उनके सामने आने वाली समस्याओं की जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) सरकार द्वारा उक्त सहकारी समितियों को मजबूत करने के लिए संस्थागत सुधार, बेहतर विनियामक निगरानी और बढ़ी हुई वित्तीय सहायता के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और
(ग) सहकारी समितियों और उनके सदस्यों को निरंतर किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है?

**उत्तर**

**सहकारिता मंत्री**
**(श्री अमित शाह)**

(क) जी हाँ मान्यवर । राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (NCD) के अनुसार, उत्तर प्रदेश में कुल 40,665 सहकारी समितियां हैं, जिनमें से 22,731 समितियां कार्यशील हैं । क्षेत्रवार और जिलेवार, सहकारी समितियों की कुल संख्या और कार्यशील समितियों की संख्या क्रमशः **संलग्नक-1 और संलग्नक -2** के रूप में संलग्न है ।
(ख) उत्तर प्रदेश सहित देशभर में सहकारी समितियों को सशक्त बनाने के लिए पैक्स कंप्यूटरीकरण परियोजना के अंतर्गत सरकार वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है । ब्योरा **संलग्नक** -3 में दिया गया है ।

इसके अलावा, दिनांक 25.11.2025 तक की स्थिति के अनुसार, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) ने देश भर में सहकारी संस्थानों के विकास के लिए 4,67,455.66 करोड़ रुपये संवितरित किए हैं जिसमें से 7,646.11 करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश में सहकारी विकास के लिए संवितरित किए गए हैं । मुरादाबाद जिले के लिए, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) ने केंद्रीय क्षेत्रक योजना के

अंतर्गत दिनांक 22.02.2014 से 30.6.2018 के दौरान एकीकृत सहकारी विकास परियोजना (ICDP) लागू की है और नीचे दिए गए विवरण के अनुसार वित्तीय सहायता प्रदान की हैः -

(लाख रु. में )

| **ऋण** | **अल्प विकसित सब्सिडी** | **परियोजना कार्यान्वयन टीम सब्सिडी** | **कुल** |
|---|---|---|---|
| 858.41 | 146.847 | 74.813 | 1080.070 |

(ग) सहकारिता मंत्रालय ने सहकारी समितियों और उनके सदस्यों के सामने आ रही कठिनाइयों के निराकरण के लिए दिनांक 6 जुलाई, 2021 को अपनी स्थापना के बाद से "सहकार-से-समृद्धि" की परिकल्पना को साकार करने और उत्तर प्रदेश सहित देश भर में सहकारी समितियों को सशक्त बनाने के लिए कई पहलें की हैं। इन प्रमुख पहलों में शामिल हैं:

- मानकीकृत सॉफ्टवेयर, डिजिटल लेखांकन, ऑनलाइन सेवा प्रदाय और बेहतर पारदर्शिता लाने के लिए पैक्स कम्प्यूटरीकरण परियोजना उत्तर प्रदेश सहित देश भर में 79,630 से अधिक पैक्स को कवर करती है ।
- पैक्स की आदर्श उपविधियां , भंडारण, प्रसंस्करण, एलपीजी वितरण और कॉमन सेवा केंद्रों जैसे कार्यकलापों के विविधीकरण, बेहतर शासन मानकों को सुनिश्चित करने और सदस्य-केंद्रित संचालन को बढ़ावा देने में सक्षम बनाती हैं ।
- पैक्स अधिकारियों को डिजिटल संचालन, वित्तीय प्रबंधन और सेवा प्रदाय में प्रशिक्षित करने के लिए क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ।
- त्रिस्तरीय सहकारी ऋण संरचना को सशक्त करना, पैक्स, DCCBs और StCBs के बीच समन्वय में सुधार करना, बेहतर तरलता प्रबंधन और ऋण प्रवाह सुनिश्चित करना।
- सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी विकेंद्रित अन्न भंडारण योजना।
- त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी की स्थापना।

*****

**संलग्रक -1**

## उत्तर प्रदेश में क्षेत्रवार कुल सहकारी समितियां और कार्यशील सहकारी समितियां

| क्रम सं | क्षेत्र | समितियों की संख्या | कार्यशील समितियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | कृषि एवं संबद्ध सहकारी समिति | 1240 | 718 |
| 2 | कृषि प्रसंस्करण/औद्योगिक सहकारी समिति | 1829 | 115 |
| 3 | मधुमक्खी पालन सहकारी समिति | 0 | 0 |
| 4 | उपभोक्ता सहकारी समिति | 1004 | 473 |
| 5 | क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट समिति | 2255 | 1186 |
| 6 | डेयरी सहकारी समिति | 16199 | 7664 |
| 7 | शैक्षिक और प्रशिक्षण सहकारी समितियां | 6 | 6 |
| 8 | मात्स्यिकी सहकारी समिति | 1589 | 1266 |
| 9 | हस्तशिल्प सहकारी समिति | 26 | 0 |
| 10 | हथकरघा वस्त्र और बुनकर सहकारी समिति | 1814 | 886 |
| 11 | आवासन सहकारी समिति | 3247 | 1207 |
| 12 | जूट और कॉयर सहकारी समिति | 0 | 0 |
| 13 | खादी ग्रामोद्योग समिति | 148 | 148 |
| 14 | श्रमिक सहकारी समिति | 551 | 138 |
| 15 | पशुधन और पोल्ट्री सहकारी समिति | 19 | 0 |
| 16 | विपणन सहकारी समिति | 1807 | 892 |
| 17 | विविध ऋण सहकारी समिति | 6 | 6 |
| 18 | विविध गैर क्रेडिट | 70 | 7 |
| 19 | बहुउद्देशीय सहकारी समिति | 129 | 69 |
| 20 | प्राथमिक कृषि क्रेडिट समिति (PACS)/FSS/ LAMPS | 8439 | 7765 |
| 21 | रेशम उत्पादन सहकारी समिति | 88 | 87 |
| 22 | सामाज कल्याण और सांस्कृतिक सहकारिता | 2 | 1 |
| 23 | चीनी मिल सहकारी समिति | 27 | 27 |
| 24 | पर्यटन सहकारी समिति | 1 | 1 |
| 25 | परिवहन सहकारी समिति | 85 | 6 |
| 26 | जनजीय-अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति सहकारी समिति | 0 | 0 |
| 27 | शहरी सहकारी बैंक (UCB) | 56 | 51 |
| 28 | महिला कल्याण सहकारी समिति | 28 | 12 |
| | **कुल** | **40665** | **22731** |

*स्रोत: दिनांक 15.11.2025 की स्थिति के अनुसार NCD*

संलग्नक -2

## उत्तर प्रदेश में जिलेवार कुल सहकारी समितियां और कार्यशील सहकारी समितियां

| क्रम सं. | जिले का नाम | समितियों की संख्या | कार्यशील समितियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | आगरा | 1,287 | 616 |
| 2 | अलीगढ़ | 518 | 307 |
| 3 | अम्बेडकर नगर | 641 | 465 |
| 4 | अमेठी | 347 | 186 |
| 5 | अमरोहा | 353 | 193 |
| 6 | औरैया | 409 | 104 |
| 7 | अयोध्या | 618 | 409 |
| 8 | आजमगढ़ | 1,026 | 686 |
| 9 | बागपत | 296 | 226 |
| 10 | बहराइच | 539 | 310 |
| 11 | बलिया | 442 | 251 |
| 12 | बलरामपुर | 194 | 133 |
| 13 | बांदा | 352 | 169 |
| 14 | बाराबंकी | 767 | 455 |
| 15 | बरेली | 821 | 533 |
| 16 | बस्ती | 563 | 401 |
| 17 | भदोही | 197 | 122 |
| 18 | बिजनौर | 774 | 436 |
| 19 | बदायूं | 524 | 277 |
| 20 | बुलंदशहर | 717 | 554 |
| 21 | चंदौली | 542 | 265 |
| 22 | चित्रकूट | 339 | 193 |
| 23 | देवरिया | 403 | 269 |
| 24 | एटा | 429 | 209 |
| 25 | इटावा | 498 | 103 |
| 26 | फर्रुखाबाद | 498 | 132 |
| 27 | फतेहपुर | 714 | 237 |
| 28 | फिरोजाबाद | 303 | 134 |
| 29 | गौतम बुद्ध नगर | 558 | 196 |
| 30 | गाजियाबाद | 713 | 218 |
| 31 | गाजीपुर | 859 | 441 |
| 32 | गोंडा | 739 | 445 |
| 33 | गोरखपुर | 788 | 480 |
| 34 | हमीरपुर | 335 | 247 |
| 35 | हापुर | 293 | 204 |
| 36 | हरदोई | 601 | 377 |
| 37 | हाथरस | 219 | 163 |
| 38 | जालौन | 589 | 237 |
| 39 | जौनपुर | 687 | 371 |

| क्रम सं. | जिले का नाम | समितियों की संख्या | कार्यशील समितियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 40 | झांसी | 695 | 224 |
| 41 | कन्नौज | 363 | 69 |
| 42 | कानपुर देहात | 473 | 118 |
| 43 | कानपुर नगर | 966 | 397 |
| 44 | कासगंज | 146 | 107 |
| 45 | कौशाम्बी | 470 | 145 |
| 46 | खेरी | 456 | 351 |
| 47 | कुशी नगर | 350 | 223 |
| 48 | ललितपुर | 343 | 209 |
| 49 | लखनऊ | 1,390 | 718 |
| 50 | महाराजगंज | 373 | 217 |
| 51 | महोबा | 208 | 98 |
| 52 | मैनपुरी | 245 | 125 |
| 53 | मथुरा | 532 | 462 |
| 54 | मऊ | 445 | 176 |
| 55 | मेरठ | 864 | 708 |
| 56 | मिर्जापुर | 633 | 407 |
| 57 | मुरादाबाद | 870 | 507 |
| 58 | मुजफ्फरनगर | 420 | 343 |
| 59 | पीलीभीत | 381 | 284 |
| 60 | प्रतापगढ़ | 525 | 341 |
| 61 | प्रयागराज | 1,333 | 660 |
| 62 | रायबरेली | 733 | 511 |
| 63 | रामपुर | 379 | 254 |
| 64 | सहारनपुर | 749 | 478 |
| 65 | संभल | 286 | 185 |
| 66 | संत कबीर नगर | 217 | 148 |
| 67 | शाहजहाँपुर | 581 | 435 |
| 68 | शामली | 173 | 94 |
| 69 | श्रावस्ती | 237 | 97 |
| 70 | सिद्धार्थ नगर | 380 | 196 |
| 71 | सीतापुर | 685 | 472 |
| 72 | सोनभद्र | 207 | 147 |
| 73 | सुल्तानपुर | 507 | 309 |
| 74 | उन्नाव | 583 | 363 |
| 75 | वाराणसी | 975 | 399 |
|  | **कुल** | **40,665** | **22,731** |

*स्रोत: दिनांक 15.11.2025 की स्थिति के अनुसार NCD पोर्टल*

**संलग्नक-3**

## पैक्स कंप्यूटरीकरण परियोजना के तहत जारी निधि

**(करोड़ रुपये में)**

| क्रम सं. | राज्य /संघ राज्यक्षेत्र | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महाराष्ट्र | 87.95 | 33.65 | - | 9.14 | 130.73 |
| 2 | राजस्थान | 23.78 | 43.3 | 11 | 6.76 | 84.83 |
| 3 | गुजरात | - | 58.3 | 22.19 | 13.48 | 93.97 |
| 4 | **उत्तर प्रदेश** | **11.28** | **42.3** | **-** | **13.51** | **67.1** |
| 5 | कर्नाटक | 40.25 | 15.39 | - | 12.19 | 67.83 |
| 6 | मध्य प्रदेश | 33.23 | 25.42 | - | 7.78 | 66.43 |
| 7 | तमिलनाडु | 33.2 | 12.48 | - | 6.05 | 51.73 |
| 8 | बिहार | 32.95 | - | 14.66 | 4.15 | 51.76 |
| 9 | पश्चिम बंगाल | 30.54 | - | - | 15.25 | 45.79 |
| 10 | पंजाब | 25.52 | - | - | 7.42 | 32.94 |
| 11 | आंध्र प्रदेश | 14.93 | 3.74 | 14.54 | 2.1 | 35.31 |
| 12 | छत्तीसगढ़ | 14.86 | - | 10.21 | 3.28 | 28.35 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 9.56 | 7.32 | 3.09 | 6.77 | 26.74 |
| 14 | झारखंड | 10.99 | - | - | 8.21 | 34.3 |
| 15 | हरियाणा | 4.85 | 2.44 | - | - | 8.79 |
| 16 | उत्तराखंड | - | - | - | - | - |
| 17 | असम | 6.41 | 2.45 | 6.39 | 1.76 | 17.02 |
| 18 | जम्मू और कश्मीर | 5.25 | 1.52 | 1.85 | 1.75 | 10.37 |
| 19 | त्रिपुरा | 2.95 | 1.13 | 3.03 | - | - |
| 20 | मणिपुर | 2.55 | - | - | - | 3.14 |
| 21 | नागालैंड | 0.36 | 2.46 | 1.6 | 0.01 | 4.43 |
| 22 | मेघालय | 1.23 | - | - | - | 2.34 |
| 23 | सिक्किम | 1.18 | 0.9 | 0.79 | 0.41 | 3.28 |
| 24 | गोवा | 0.32 | 0.13 | 0.44 | 0.31 | 1.19 |
| 25 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | - | - | - | - | - |
| 26 | पूड्डुचेरी | 0.44 | 0.17 | - | - | 0.67 |
| 27 | मिजोरम | 0.27 | - | - | 0.56 | 1.27 |
| 28 | अरुणाचल प्रदेश | 0.15 | 0.12 | 0.09 | - | - |
| 29 | लद्दाख | - | - | - | - | 0.12 |
| 30 | ओडिशा | - | - | - | - | 18.07 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन एवं दीव | - | - | - | - | - |
| 32 | कुल | 395 | 257.71 | 105.54 | 142.24 | 900.49 |
| 33 | नाबार्ड | 100 | 40.92 | 25 | - | 165.92 |
| | **कुल** | **495** | **298.63** | **130.54** | **-** | **1,066.41** |

नोट: दिनांक 25.11.2025 तक का डेटा